# प्रदेश में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिये बनेंगे 5 नवीन छात्रावास

## चर्चा में क्यों?

6 जुलाई, 2023 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों हेतु 5 नवीन छात्रावासों के भवन निर्माण के लिये 14 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

## प्रमुख बिंदु

- अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों हेतु नवीन भवनों का निर्माण प्रदेश के अलवर ज़िले के मालाखेड़ा, श्रीगंगानगर ज़िले के सूरतगढ़, पाली ज़िले के रायपुर व उदयपुर ज़िले के कानोड़ में सावित्री बाई फूले अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास तथा चूरू ज़िले के जैतासर में डॉ. भीमराव अंबेडकर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास के लिये किया जाएगा।
- प्रत्येक छात्रावास के लिये 2.80 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इन छात्रावासों में 50-50 विद्यार्थियों की आवास क्षमता होगी।
- मुख्यमंत्री की इस स्वीकृति से अनुसूचित जाति के विद्यार्थी सुगमता से शिक्षा प्राप्त कर अपने बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकेंगे।
- उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023-24 के बजट में इस संबंध में घोषणा की थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/5-new-hostels-for-scheduled-caste-students